# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, भवाली (नैनीताल)

eepwdbhowali@rediffmail.com

पत्रांक 31 /8सी0 दिनांक 9 / 01 / 2025

प्राप्ति क्रमांक ......6571........
पत्रावली संख्या ........12-1........
दिनांक ............16-1-2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत

विषय— जनपद नैनीताल के ब्लाक ओखलकांडा में कटना से वारी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.53 है0 वन भूमि का गैरवानिकी कार्य निर्माण हेतु के अन्तर्गत गैरवानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव स0 एफ0पी0 / यू0के0 / रोड / 43594 / 2019)

सन्दर्भ— आपका पत्राक 4559 / 12—2 चम्पावत दिनांक 27 / 04 / 2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में उक्त मोटर मार्ग के प्रस्ताव पर लगायी गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्नवत है।

| कम स0 | आपत्ति | निराकरण आख्या |
|---|---|---|
| 1 | बिन्दु संख्या — 1 के क्रम में अभी भी ग्राम कटना को KML file में नहीं दर्शाया गया है। | बिन्दु संख्या 1 के कम मे ग्राम—कटना के0एम0एल0 फाईल मे दर्शित है। |
| 2 | बिन्दु संख्या — 2 के क्रम में वांछित अभिलेख संलग्न कर प्रेषित नहीं किये गये है। | बिन्दु संख्या 2 के कम मे प्रस्तावित मार्ग (लाल रंग ) से जियो रिफरेंस मानचित्र, के0एम0एल0 तथा टो0पो0 सीट मे भिन्ता को समाप्त कर दिया गया है, मानचित्र मे वैकल्पिक समरेखन को नीले रंग से दिखाया गया है जो वन भूमि के भीतर समाप्त हो रहा है, परन्तु अनुमोदित समरेखन जो लाल रंग से दर्शाया गया है वह जुडने वाले गॉव तक ही दर्शाया गया है। जियो रिफरेंस मानचित्र की प्रति संलग्न कर दी गयी है। |
| 3 | बिन्दु संख्या — 5 के क्रम में प्रभावित होने वाले वृक्षों के सम्बन्ध में पूर्ण सूचना प्रेषित नही की गयी है। जिसमें प्रभावित होने वाले वृक्ष की गणना कितने मीटर चौड़ाई में की गई है का उल्लेख नही किया गया है। | बिन्दु संख्या 3 के कम मे स्पष्ट करना है कि मार्ग के समरेखन प्रभावित वृक्षों की गणना 7.00 मी0 चौड़ाई में की गयी है, जिसमें कुल 234 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के प्रभावित हो रहे हैं। |
| 4 | बिन्दु संख्या — 6 के क्रम में मलवा निस्तारण हेतु चयनित डम्पिंग स्थलों को KML file में नही दर्शाया गया है और ना ही ऑनलाईन पार्ट — 1 के Component wise breakup में मलवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित नाप भूमि के क्षेत्रफल का उल्लेख किया गया है। | बिन्दु संख्या 6 के कम मे मलवा निस्तारण हेतु चयनित डम्पिंग स्थलों को झडस पिसम में दर्शा गया है, और ऑनलाईन पार्ट — 1 के Component wise breakup में मलवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित नांप भूमि के क्षेत्रफल का उल्लेख कर दिया गया है। |

संलग्न — उपरोक्तानुसार।

संलग्न - 15 मैप

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
भवाली (नैनीताल)

पत्रांक 31 /8सी0 दिनांक 9 / 01 / 2025

प्रतिलिपि— सहायक अभियन्ता अ0ख0, लो0नि0वि0 भवाली को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि— वनक्षेत्राधिकारी देवीधुरा रेंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
भवाली (नैनीताल)

C:\Users\HP\Desktop\Letter.... (2)AE....doc

Scanned with OKEN Scanner